www.keshavtv24.com UDYAM-BR-0010266 keshavtvbihar@gmail.com

# केशव न्यूज



गुरुवार 16 जनवरी 2025
वर्ष : 1 । अंक : 1

## महाकुंभ में शुरू हुआ संस्कृति का महाकुंभ, 24 फरवरी तक चलेगा सांस्कृतिक उत्सव

संवाददाता केशव न्यूज

प्रयागराज महाकुंभ के तीसरे दिन, संगम पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ स्नान के लिए पहुंची। श्रद्धालु अपनी आस्था के साथ यहां डुबकी लगा रहे हैं, और अब तक लगभग 5.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम की पवित्र धारा में स्नान किया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुंभ मेला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान प्रशासन ने बिना अनुमति के उड़ रहे 9 ड्रोन को गिराने के लिए एंटी–ड्रोन सिस्टम का सफलतापूर्वक उपयोग किया।

महाकुंभ के इस भव्य आयोजन में अब तक जो सबसे अहम बदलाव आया है, वह है श्संस्कृति का महाकुंभश का आगाज। यह सांस्कृतिक उत्सव 16 जनवरी से 24 फरवरी तक चलेगा और इसके तहत देशभर के प्रमुख कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस महाकुंभ के मुख्य मंच के रूप में गंगा पंडाल को चुना गया है, जहां 10,000 दर्शकों की क्षमता वाली भव्य संरचना बनाई गई है। यहां भारतीय संगीत, नृत्य, और संस्कृति की प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इसके अलावा, यमुना पंडाल और सरस्वती पंडाल में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत 16 जनवरी से हो गई है। इन पंडालों में 2,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की गई है, जहां लोग भारतीय कला की विविधता का अनुभव कर सकेंगे। महाकुंभ के इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन मुख्य रूप से भारतीय कला, संगीत, नृत्य और धार्मिक धरोहरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया है। यह महाकुंभ न केवल देश के विभिन्न हिस्सों से कला प्रेमियों और श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा, बल्कि विदेशों से भी डेलिगेट्स और पर्यटक यहां भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं से रुबरू होने के लिए आएंगे।

1. गंगा पंडाल, इस दिन के कार्यक्रम में बॉलीवुड के मशहूर सिंगर शंकर महादेवन और रविशंकर द्वारा भजन और सुगम संगीत का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा, प्रो. ऋत्विक सान्याल (वाराणसी) का शास्त्रीय गायन और विचित्रानंदा स्वेन (भुवनेश्वर) का ओडिशी नृत्य भी होगा, जो दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय कला के अद्वितीय रूपों से परिचित कराएगा।

2. यमुना पंडाल, यहां संस्कृत विद्यालय वाराणसी के बच्चों द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया जाएगा, जो कार्यक्रम की शुरुआत को एक पवित्र और धार्मिक रूप देगा। इसके अलावा, सान्या पाटनकर (राजस्थान) द्वारा शास्त्रीय गायन, सहीराम पांडेय (गोंडा) द्वारा आल्हा गायन और आरुषी मुद्गल (दिल्ली) का ओडिशी नृत्य भी होगा, जो इस पंडाल में भारतीय कला की विविधता को दर्शाएंगे।

3. सरस्वती पंडाल, इस पंडाल में पद्मश्री रामदयाल शर्मा (दिल्ली) द्वारा कृष्ण सुदामा नौ. टंकी का मंचन किया जाएगा, जो भारतीय लो. ककला का जीवंत उदाहरण होगा। इसके अलावा, श्रुति मालवीय (लखनऊ) द्वारा भजन और लोकगायन भी प्रस्तुत किया जाएगा, जो भारतीय भक्ति संगीत का एक अहम हिस्सा है।

### महाकुंभ में लाखों रुद्राक्ष से बने 12 ज्योतिर्लिंग, बिना परमिशन उड़ रहे 9 ड्रोन गिराए





इस महाकुंभ का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि 10 देशों के 21 डेलिगेट्स भी संगम पर आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचे हैं। यह न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक संवाद का भी एक बेहतरीन अवसर बनता है, जो भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करता है। महाकुंभ का यह सांस्कृतिक उत्सव निश्चित ही भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा।







16 जनवरी को गंगा पंडाल में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन अपनी प्रस्तुति देंगे।

महाकुंभ में 16 जनवरी को गंगा पंडाल में शंकर महादेवन का विशेष भजन–संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जो इस महाकुंभ के सांस्कृतिक उत्सव का भव्य आगाज करेगा। साथ ही, इस कार्यक्रम में देशभर के नामचीन कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे और दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

इस सांस्कृतिक महाकुंभ में भारतीय संस्कृति, भक्ति और विरासत को प्रोत्साहित करने के साथ–साथ विश्वभर में भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित किया जाएगा। यह कार्यक्रम न केवल भारतीय संगीत और नृत्य की गहरी समझ को फैलाएगा, बल्कि यह भारतीय एकता और विविधता का प्रतीक बनेगा, जहां विभिन्न कलाकार अपनी कला के माध्यम से दर्शकों को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर से अवगत कराएंगे।

### साढ़े 5 करोड़ श्रद्धालु लगा चुके आस्था की डुबकी











# दंगल प्रतियोगिता ने दर्शकों का दिल जीता, 22 पुरुष और 7 महिला जोड़ियों ने दिखाई अपनी ताकत

संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा, मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर राजगीर मेला मैदान में आयोजित दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता ने पारंपरिक कुश्ती के प्रति दर्शकों का उमंग और उत्साह साफ तौर पर देखा गया। इस भव्य आयोजन में कुल 22 पुरुष और 7 महिला जोड़ियों ने अपनी ताकत और हुनर का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विधान पार्षद रीना यादव, पूर्व विधान पार्षद राजू यादव और एडीएम मनजीत कुमार के संयुक्त दीप प्रज्वलन से हुआ। नगर परिषद राजगीर की सभापति जीरो देवी और उपसभापति मुन्नी देवी की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ाया।

प्रतियोगिता में स्थानीय पहलवानों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों से आए कुश्ती के दिग्गजों ने भी हिस्सा लिया, जिससे मुका. बले का स्तर और भी रोमांचक हो गया। विभिन्न भार वर्गों में मुकाबले हुए, जिनमें दांव-पेंच का अद्भुत प्रदर्शन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया।



मकर मेला में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

इस प्रतियोगिता को देखने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जिससे यह आयोजन एक विशाल लोक मेला बन गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल और दंडाधिकारियों की विशेष तैनाती की गई थी। समारोह में विधायक कौशल किशोर, एसडीओ कुमार ओंकारेश्वर, डीएसपी सुनील कुमार समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता गहलौत ने महिला पहल. वानों का हौसला बढ़ाया।

दंगल के संयोजक गोलू यादव ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से पारंपरिक खेलों को बढ़ावा मिलता है और युवा पीढ़ी में कुश्ती के प्रति रुचि भी बढ़ती है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में इस प्रतियोगिता को और बड़े स्तर पर आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। कार्यक्रम के समापन पर विजेता पहलवानों को सम्मानित किया गया और अगले वर्ष पुनः आयोजन करने का संकल्प लिया गया।






मकर मेला में दंगल प्रतियोगिता का कुछ तस्वीर।

# बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने राजगीर में आयोजित किया खिचड़ी चोखा का बनभोज कार्यक्रम तथा कार्यकर्ता सम्मान समारोह




संवाददाता केशव न्यूज

राजगीर, बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने आज राजगीर में खिचड़ी चोखा का बनभोज कार्यक्रम और कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस भव्य आयोजन में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष का वन भोज खास महत्व रखता है, क्योंकि यह कार्यक्रम पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत और उत्साहवर्धन का कार्य करता है।

कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे और उन्होंने खिचड़ी चोखा का आनंद लिया। इस वन भोज कार्यक्रम में राज्यभर से कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जो इस आयोजन को और भी भव्य बना रहे थे। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि "हमारा स्वागत कार्यकर्ताओं द्वारा हर दिन किया जाता है, लेकिन साल में एक बार हम भी कार्यकर्ताओं का स्वागत करने का अवसर प्राप्त करते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से हमें कार्यकर्ताओं की ताकत और ऊर्जा मिलती है, जो हमें आगामी चुनावी मुकाबले के लिए प्रेरित करता है।" उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं और उनकी मेहनत और समर्पण से ही पार्टी हर चुनाव में सफलता प्राप्त करती है। इस कार्यक्रम में कई प्रमुख नेता और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम में राजगीर विधायक कौशल कुमार, अस्थावां विधायक जितेंद्र कुमार, हिलसा विधायक प्रेम मुखिया, पूर्व विधायक इंजीनियर सुनील, जदयू प्रवक्ता धनंजय देव, पूर्व विधायक रवि ज्योति, एमएलसी रीना यादव, पूर्व एमएलसी राजू यादव समेत अन्य कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इन नेताओं ने इस कार्यक्रम की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए मंत्री श्रवण कुमार की कड़ी मेहनत और नेतृत्व की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्रवण कुमार ने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने और चुनावी प्रचार में जुटने का आह्वान किया। यह वन भोज कार्यक्रम न केवल पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए एक उत्सव था, बल्कि इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि मंत्री श्रवण कुमार पार्टी के कार्यकर्ताओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और उनके साथ अपने संबंधों को और मजबूत करना चाहते हैं। इस तरह के आयोजन पार्टी के अंदर एकजुटता को बढ़ावा देने का काम करते हैं और आने वाले चुनावों के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करते हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती का 69वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




संवाददाता केशव न्यूज

राजगीर स्थित सत्य गुरु कबीर समानव्य वृद्ध एवं गौ सेवा आश्रम कबीर मठ में बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के तत्व. ावधान में परम आदरणीय सुश्री बहन मायावती जी का 69वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उनके चित्र के समक्ष केक काटकर जन्मदिन का उत्सव मनाया गया। साथ ही खिचड़ी चोखा भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भाग लिया।

बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री शंकर दास, जिला प्रभारी श्री रामदेव चौधरी, जिला महासचिव श्री उमेश पंडित तथा वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बलराम साहब ने संयुक्त रूप से इस मौके पर मायावती जी के योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि सुश्री मायावती जी का जन्म 15 जनवरी 1956 को नई दिल्ली के एक सामान्य परिवार में हुआ था। उनके पिता प्रभु दास गौतम बुद्ध नगर में एक डाकघर के कर्मचारी थे। मायावती जी के परिवार में 6 भाई और 2 बहनें हैं। वे श्बहन जीश के नाम से भी प्रसिद्ध हैं।

मायावती जी ने 1975 में दिल्ली विश्वविद्यालय के कालिंदी कॉलेज से कला में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद 1976 में मेरठ विश्वविद्यालय से बी.एड. और 1983 में दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई की।

सन 1977 में मान्यवर कांशीराम के संपर्क में आने के बाद उन्होंने राजनीति को अपना पूर्णकालिक पेशा बनाने का निर्णय लिया। कांशीराम के मार्गदर्शन में वे 1984 में बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की स्थापना के समय उनकी कोर टीम का हिस्सा बनीं। 1989 में उन्होंने बिजनौर सीट से लोकसभा चुनाव में पहली बार जीत हासिल की और इसके बाद 1994 में भी लोकसभा चुनाव में विजयी रहीं। उनके इस कार्यकाल में वे जनता के बीच बेहद लोकप्रिय हो गईं।

1995 में, मायावती जी ने उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली और वे राज्य की पहली महिला दलित मुख्यमंत्री बनीं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभरीं।

कार्यक्रम में महंत मुन्ना साहब, राजेश ठाकुर, रामप्रीत चौहान, एकलव्य बौद्ध, पवन कुमार, पुटुस कुमार, चंदन कुमार, आलोक कुमार, संदीप कुमार, विकास कुमार, सुबोध दास, अमर कुमार, राम अवतार दास, सुरेश दास, जैन दास, विक्रम कुमार, संजय यादव, मुंशी लाल, आशा देवी, पार्वती देवी, महादेव रविदास, डॉक्टर इंग्लिश कुमार, संजीव कुमार, अवधेश कुमार, अजय कुमार, निरंजन कुमार, विनोद कुमार, संतोष कुमार यादव, अरविंद रविदास, राजेश रविदास, शिवकुमार दास सहित सैकड़ों महिला-पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।






# मुजफ्फरपुर में नाबालिग पोती ने बॉयफ्रेंड संग दादा की हत्या यूट्यूब पर साजिश सीखी, 38 बार चाकू से वार

संवाददाता केशव न्यूज

मुजफ्फरपुर में पोती ने अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर अपने दादा की हत्या कर दी। दोनों आरोपी नाबालिग हैं, जिनकी उम्र 16 से 17 वर्ष के बीच है। दोनों एक ही स्कूल में पढ़ाई करते हैं। हत्या से पहले दोनों ने पूरी योजना बनाई थी और छह महीने पहले यूट्यूब पर वीडियो देखकर हत्या के बाद सबूत मिटाने और फिंगरप्रिंट्स छिपाने के तरीके सीखे थे। घटना मिठनपुरा इलाके के मालीघाट कालीबाड़ी की है।

घटना सोमवार रात की है। बुधवार को पुलिस ने मामले का खुलासा किया और दोनों नाबालिगों को हिरासत में लिया। पुलिस जांच में पता चला कि हत्या के समय आरोपियों ने सर्जिकल ग्लव्स पहन रखे थे।

हत्या से पहले नाबालिग लड़की ने अपने माता–पिता को नींद की गोली देकर सुला दिया। नींद की गोली मशरूम की सब्जी में मिलाकर खिलाई





इसके बाद लड़की और उसका प्रेमी बुजुर्ग के कमरे में घुसे। अचानक बुजुर्ग की नींद खुल गई। लड़के ने उनके सिर पर हमला किया, लेकिन जब उन्होंने शोर मचाने की कोशिश की, तो मुंह कपड़े से बांध दिया और पत्थर से सिर पर वार किया। इसके बाद पोती ने चाकू से बुजुर्ग पर हमला करना शुरू कर दिया। मृतक की लाश पर चाकू के 38 वारों के निशान मिले। पुलिस की पूछताछ में लड़की ने बताया कि उसके दादा कौशल किशोर (68) का स्वभाव गुस्सैल था। वे उसके साथ गाली–गलौज और दुर्व्यवहार करते थे। इस कारण उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। लड़की ने प्रेमी को चाकू लाने के लिए कहा, जो रात में पैदल ही उसके घर पहुंचा। लड़की ने दरवाजा खुला रखा था, और फिर दोनों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि नींद की गोली पहले से ही घर में मौजूद थी, जिसे लड़की के पिता कभी–कभी इस्तेमाल करते थे। गोली खिलाने के बाद माता–पिता गहरी नींद में थे और उन्हें रात की घटना का पता नहीं चला। घटनास्थल को इस तरह से तैयार किया गया जैसे हत्या किसी बाहरी व्यक्ति ने की हो। हत्या के बाद लड़के ने चाकू को घर से दूर जाकर फेंक दिया, ताकि शक घर के सदस्यों पर न जाए।

## भीषण ठंड, कक्षा 5 तक के विद्यालय तीन दिनों के लिए बंद, बोर्ड परीक्षा संबंधी गतिविधियां जारी



संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा जिले में कड़ाके की ठंड और शीतलहर के चलते जिला प्रशासन ने कक्षा 5 तक के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को 16 जनवरी से 18 जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। जिला दंडाधिकारी शशांक शुभंकर के निर्देशानुसार, यह प्रतिबंध छोटे बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है। आदेश के अनुसार, प्री–स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और कक्षा 5 तक की सभी कक्षाओं को पूरी तरह से निलंबित किया गया है। कक्षा 6 और उससे ऊपर की कक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच संचालित की जा सकेंगी। वहीं, बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित गतिविधियां इस प्रतिबंध से बाहर रखी गई हैं। यह निर्णय भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा–163 के तहत लिया गया है। सुबह और शाम के समय तापमान में भारी गिरावट होने के कारण छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। स्थानीय मौसम विभाग ने बताया कि नालंदा और आसपास के क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी नीचे दर्ज किया जा रहा है। घने कोहरे और शीतलहर के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जिला प्रशासन ने सभी विद्यालयों को इस आदेश का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है। आदेश की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शराब के लिए पैसे मांगने का आरोप, चाकू से हमले की आशंका भागलपुर में सब–इंस्पेक्टर की पिटाई, युवकों और पुलिस के बीच विवाद ने तूल पकड़ा

संवाददाता केशव न्यूज

भागलपुर के बरारी थाना क्षेत्र के बड़ी खंजरपुर में एक विवाद के दौरान बेगूसराय में पदस्थापित सब–इंस्पेक्टर चंदन कुमार चौधरी की कुछ युवकों ने पिटाई कर दी। घटना को लेकर दोनों पक्षों की अलग–अलग बातें सामने आ रही हैं।

सब–इंस्पेक्टर का कहना है कि घटना की शुरुआत रात में हुई, जब कुछ युवक एक घर से गाड़ी निकाल रहे थे। इस दौरान उनकी गाड़ी से हल्की टक्कर हो गई, जिसके बाद कहासुनी हुई। रात में डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया था। लेकिन अगले दिन, सब–इंस्पेक्टर युवकों से बात करने पहुंचे, तभी उन पर हमला कर दिया गया। दूसरी ओर, युवकों का आरोप है कि सब–इंस्पेक्टर और उनके साथ आए लोग शराब के लिए पैसे मांग रहे थे और चाकू लेकर हमला करने आए थे।



उनका कहना है कि इस दौरान उनके साथ मारपीट भी की गई।

घटना के समय मोहल्ले में काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने बीच–बचाव कर दोनों पक्षों को अलग किया और बरारी थाने को मामले की सूचना दी।

फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना की पूरी सच्चाई जानने के लिए दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है।










